# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2023 (ANNUAL)

**Sub. Code – 110/210/310/506**

**Model Set**

**PRAKRIT (प्राकृत)**

**I.A., I.Sc., I.Com & Voc.**

**समयः 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक–100**

**Time : 3 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड–ब में कुल 1 से 30 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इस खंड मं 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक में दिए गए सही वृत को नीले/काले बॉल पेन से भरें। ***50x1=50***

1. अयोध्या के युवराज का क्या नाम था ?

   (A) भरत (B) राम

   (C) लक्ष्मण (D) शत्रुघ्न

2. अयोध्या के राजा का क्या नाम था ?

   (A) राम (B) भरत

   (C) लक्ष्मण (D) दशरथ

3. जनकपुर के राजा का क्या नाम था ?

   (A) दशरथ (B) शत्रुघ्न

   (C) जनक (D) विश्वामित्र

4. राजा दशरथ के बड़े पुत्र का क्या नाम था ?

(A) लक्ष्मण (B) भरत

(C) राम (D) इनमें से कोई नहीं

5. वनवास काल में राम के साथ कौन–कौन रहते थे ?

(A) भरत एवं लक्ष्मण (B) भरत एवं सीता

(C) सीता एवं लक्ष्मण (D) इनमें से कोई नहीं

6. पर्ण कुटी में किसका निवास था ?

(A) जनक का (B) दशरथ का

(C) राम का (D) इनमें से कोई नहीं

7. कंचन मृग प्राप्त करने की अभिलाषा किसे हुई ?

(A) राम को (B) सीता को

(C) लक्ष्मण को (D) इनमें से कोई नहीं

8. किस वेष में रावण पर्ण कुटी के द्वार पर आया था ?

(A) मृग के वेष में (B) वृषभ के वेष में

(C) साधु के वेष में (D) राजा के वेष में

9. सीता हरण की घटना किस ग्रन्थ में वर्णित है ?

(A) महाभारत (B) गीता

(C) उपनिषद् (D) रामायण

10. रावण सीता को किस वाटिका में रखा था ?

(A) पुष्प वाटिका (B) अशोक वाटिका

(C) कदली वाटिका (D) इनमें से कोई नहीं

11. सीता को पता लगाने के लिए किसे भेजा गया था ?

(A) लक्ष्मण को (B) संपाती को

(C) हनुमान को (D) सुग्रीव को

12. हनुमान अपनी बानरी सेना लेकर कहाँ उपस्थित हुए ?

(A) अयोध्या में (B) वन में

(C) दक्षिण समुद्र तट पर (D) जनकपुर में

13. लंका नगरी में आग लगाने वाला कौन था ?

(A) राम (B) लक्ष्मण

(C) हनुमान (D) सुग्रीव

14. रावण की पत्नी का क्या नाम था ?

(A) त्रिजटा (B) मन्दोदरी

(C) वसंती (D) इनमें से कोई नहीं

15. राम का वनवास कितने वर्षों के लिए हुआ था ?

(A) 12 (B) 14

(C) 16 (D) 18

16. बाल्मीकि रामायण किस भाषा में रचित है ?

(A) प्राकृत (B) संस्कृत

(C) बंगला (D) उर्दू

17. निशाचर राज किसे कहा जाता था ?

(A) कुम्भकरण को (B) अंगद को

(C) रावण को (D) जटायु को

18. जटायु किस पर्वत पर रहता था ?

(A) विन्ध्य (B) बराबर

(C) मंदार (D) इनमें से कोई नहीं

19. जटायु का युद्ध किसके साथ हुआ था ?

(A) संपाती (B) सुग्रीव

(C) रावण (D) कुम्भकरण

20. कुम्भकरण रावण का कौन था ?

(A) चाचा (B) नौकर

(C) भ्राता (D) सुरक्षा प्रहरी

21. रावण जटायु को क्या किया था ?

(A) पंख काट दिया (B) गर्दन काट दिया

(C) पैर काट दिया (D) इनमें से कोई नहीं

22. जटायु को मारने के लिए रावण किस तलवार का उपयोग किया था ?

(A) नर भक्षी (B) चन्द्रहास

(C) शब्द भेदी (D) अग्निभेदक

23. जटायु का रूप कैसा था ?

(A) वृषभ का (B) बन्दर का

(C) पक्षी का (D) मानव का

24. हनुमान से स्पर्श के बाद जटायु कहाँ चला गया ?

(A) वन में (B) समुद्र में

(C) स्वर्ग में (D) धरती पर

25. किसकी आज्ञा से हनुमान सीता की खोज करने निकले थे ?

(A) लक्ष्मण के (B) राजा दशरथ के

(C) राम के (D) भरत के

26. सियार का भ्रमण स्थल कहाँ था ?

(A) गाँव में (B) शहर में

(C) वन में (D) पर्वत पर

27. भ्रमण के दौरान सियार को क्या दिखाई पड़ा ?

(A) मृत हाथी (B) नदी

(C) पर्वत (D) अश्व

28. सिंह के पूछने पर कि हाथी को किसने मारा, सियार ने क्या कहा ?

(A) बाघ ने (B) शिकारी ने

(C) हिरण ने (D) बन्दर ने

29. बाघ ने सियार से पूछा कि हाथी को किसने मारा सियार ने क्या कहा ?

(A) सिंह ने (B) मैंने

(C) कुत्ता ने (D) शिकारी ने

30. मृत हाथी को देखकर काग ने क्या किया ?

(A) भाग गया (B) काँव काँव करने लगा

(C) रोने लगा (D) इनमें से कोई नहीं

31. बलवान को परास्त करने के लिए क्या किया गया ?

(A) उत्तम प्रयत्न (B) शस्त्र प्रयोग

(C) उपदेश (D) इनमें से कोई नहीं

32. दूसरे गाँव को जाने के रास्ते में प्रवासी को क्या दिखाई पड़ा ?

(A) पर्वत (B) निर्मल जल युक्त नदी

(C) वन (D) इनमें से कोई नहीं

33. नदी में स्नान करने के समय प्रवासी अपने भोजन को कहाँ रखा ?

(A) पेंड़ पर (B) साईकील पर

(C) नदी किनारे (D) पर्वत पर

34. प्रवासी के भोजन को किसने खाया ?

(A) बकरा (B) बन्दर

(C) दूसरा प्रवासी (D) भिक्षुक

35. बकरे के मुँह में भोजन के कुछ अंश को किसने लेप किया ?

(A) भिक्षुक (B) दूसरा प्रवासी

(C) बन्दर (D) राजा

36. भोजन खाने वाले जानवर को किसने मारा ?

(A) शिकारी ने (B) सियार ने

(C) प्रवासी ने (D) राजा ने

37. पापकर्म का फल किसे मिला ?

(A) बकरा को (B) बन्दर को

(C) प्रवासी को (D) सियार को

38. निर्धन बनिया किस कार्य हेतु घूमता था ?

(A) स्वास्थ्य लाभ हेतु (B) पुत्र हेतु

(C) धनोपार्जन हेतु (D) पत्नी हेतु

39. निर्धन बनिया किस समय स्वप्न देखा ?

(A) दिन में (B) सुबह में

(C) मध्यरात्रि में (D) इनमें से कोई नहीं

40. स्वर्णभरा हंडा निर्धन बनिया को कहाँ दिखाई पड़ा ?

(A) पर्वत पर (B) भूमि के नीचे

(C) राजा के घर में (D) सिपाही के घर में

41. निर्धन बनिया से योगी ने क्या माँगा ?

(A) 10 गज भूमि (B) कपड़ा

(C) कुछ पैसे (D) अंजली भर दीनार

42. निर्धन बनिया और योगी को किसने देखा ?

(A) चोर (B) सिपाही

(C) बन्दर (D) राज्याधिकारी

43. अमांगलिक पुरूष कहाँ रहता था ?

(A) जंगल में (B) शहर में

(C) पर्वत पर (D) किसी नगर में

44. अमांगलिक पुरूष को चाण्डाल के हाथ राजा ने क्यों सौंपा ?

(A) शिक्षा हेतु (B) बध करने हेतु

(C) नगर से बाहर करने हेतु (D) इनमें से कोई नहीं

45. बध के समय अमांगलिक पुरूष की अन्तिम इच्छा क्या थी ?

(A) स्वादिष्ट भोजन (B) राम भजन

(C) राजा के मुख दर्शन (D) इनमें से कोई नहीं

46. राजा ने पारितोषिक किसे दिया ?

(A) चाण्डाल को (B) अमांगलिक पुरूष को

(C) सुरक्षा प्रहरी को (D) मंत्री को

47. ग्रामीण और शिकारी की कहानी किस पाठ में वर्णित है ?

(A) भारिया–सील परिक्खा में (B) अमांगलिक पुरिस्स कहा में

(C) दया–धम्मो में (D) इनमें से कोई नहीं

48. शिकारी के किस कार्य को देखकर ग्रामीण को दया आयी ?

(A) शिकारी भूखा था (B) एक मृग को मार दिया था

(C) पैदल चल रहा था (D) वह गरीब था

49. ग्रामीण शिकारी से क्या कहा ?

(A) तुम घर जाओ (B) निरपराधी मृग को क्यों मारते हो

(C) जल पीओ (D) सो जाओ

50. ग्रामीण के कहने पर शिकारी ने क्या किया ?

(A) सो गया (B) धनुष वाण वन में फेंक दिया

(C) घर चला गया (D) जल पीने लगा

51. जितशत्रु कहाँ के राजा थे ?

(A) काशी (B) चम्पानगरी

(C) उज्जैनी (D) मिथिला

52. जितशत्रु की पत्नी कौन थीं ?

(A) भाग्यश्री (B) कमलश्री

(C) चन्द्रश्री (D) धारिणी

53. सागरचन्द की पत्नी का क्या नाम था ?

(A) चन्द्रश्री (B) धारिणी

(C) कमलश्री (D) भाग्यश्री

54. सागरचन्द के पुत्र का क्या नाम था ?

(A) बन्धुदत्त (B) भविष्यदत्त

(C) समुद्रदत्त (D) पवनदत्त

55. धनश्री का विवाह किसके साथ हुआ था ?

(A) बन्धुदत्त (B) भविष्यदत्त

(C) समुद्रदत्त (D) पवनदत्त

56. विनीयक को कौन फुसलाना चाहता था ?

(A) दारोगा (B) मंत्री

(C) नगर वधु (D) राजा

57. दारोगा का कत्ल किसने किया ?

(A) बन्धुदत्त ने (B) धनश्री ने

(C) चन्द्रश्री ने (D) कमलश्री ने

58. म्हैसुर नामक नगर कहाँ अवस्थित है ?

(A) बिहार में (B) बंगाल में

(C) महाराष्ट्र में (D) कर्नाटक में

59. भगवान बाहुबली चक्रवर्ती भरत के कौन थे ?

(A) बड़े भाई (B) कनिष्ठ भाई

(C) मित्र (D) इनमें से कोई नहीं

60. भगवान बाहुबली की पाषाण प्रतिमा कहाँ अवस्थित है ?

(A) बनारस में (B) शोलापुर में

(C) श्रवण वेलगोला में (D) पटना में

61. बाहुबली की प्रतिमा किस नाम से विख्यात है ?

(A) गोम्मटेश्वर (B) विशेश्वर

(C) शिव (D) महादेव

62. वर्षा काल में मेघ कहाँ से जल बरसाते हैं ?

(A) जमीन से (B) पर्वत से

(C) पहाड़ से (D) आकाश से

63. वर्षा काल में कृषक गाड़ी पर चढ़कर कहाँ जाते हैं ?

(A) शहर में (B) वन में

(C) अपने खेत पर (D) इनमें से कोई नहीं

64. शिल्पकार इन्द्रदत्त के पुत्र का क्या नाम था ?

(A) गणेश (B) सोमदत्त

(C) रामदत्त (D) इनमें से कोई नहीं

65. गणेश जी के प्रतिमा के नीचले भाग में किसका नाम लिखा था ?

(A) इन्द्रदत्त का (B) सोमदत्त का

(C) प्रभुदत्त का (D) गणेश जी का

66. मूर्ख कृषक कन्या किस नगरी में निवास करती थी ?

(A) अवन्ती (B) उज्जैनी

(C) विशाल (D) इनमें से कोई नहीं

67. मूर्ख कृषक कन्या का विवाह किसके साथ हुआ ?

(A) कृषक जवान से
(B) देवता से
(C) सैनिक से
(D) कुत्ता से

68. दो छात्र ब्राह्मण से क्या सिखना चाहते थे ?

(A) रामायण
(B) महाभारत
(C) रथ संचालन
(D) वेदान्त

69. सोनार को नंगा कर लूटने वाली महिला कौन थी ?

(A) सोनार की बहन
(B) सोनार की फुआ
(C) सोनार की माँ
(D) सोनार की पत्नी

70. दो दरिद्र भाइयों की माँ को किसने मारा था ?

(A) पुत्री
(B) चोर
(C) दासी
(D) सिपाही

71. प्राकृत व्याकरण के अनुसार समास के कितने प्रमुख भेद होते हैं ?

(A) 02
(B) 03
(C) 04
(D) 05

72. जिस समास में उत्तर पद प्रधान होता है, उसे कौन समास कहते हैं ?

(A) अव्ययीभाव समास
(B) तत्पुरूष समास
(C) बहुब्रीहि समास
(D) द्वन्द्व समास

73. 'चक्कपाणी' कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव समास
(B) तत्पुरूष समास
(C) बहुब्रीहि समास
(D) द्वन्द्व समास

74. 'णायं स दंसणं य' कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) तत्पुरूष समास

(C) बहुब्रीहि समास (D) द्वन्द्व समास

75. जिस समास में सभी पद प्रधान हों, उसे कौन समास कहते हैं ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) तत्पुरूष समास

(C) बहुब्रीहि समास (D) द्वन्द्व समास

76. प्राकृत व्याकरण के अनुसार कारक के कितने भेद होते हैं ?

(A) 04 (B) 06

(C) 08 (D) 10

77. विविध वर्णों के मेल से किसी नाम अथवा वस्तु का संकेत मिलता है, उसे क्या कहते हैं?

(A) वर्ण (B) वाक्य

(C) शब्द (D) संदर्भ

78. 'पद' कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) 02 (B) 04

(C) 06 (D) 08

79. जिनका रूप लिंग, वचन, कारक, काल एवं पुरूष के आधार पर परिवर्तित हो जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) कृत्रिक शब्द (B) अविकारी शब्द

(C) क्रिया (D) विशेषण

80. क्रिया के व्यापार का फल सूचित करने वाली संज्ञा के रूप को क्या कहते हैं ?

(A) कर्त्ता कारक (B) कर्म कारक

(C) करण कारक (D) सम्प्रदान कारक

81. किसी भी क्रिया के आधार को क्या कहते हैं ?

(A) कर्त्ता कारक (B) अपादान कारक

(C) सम्प्रदान कारक (D) अधिकरण कारक

82. जो संख्या एवं कारक का बोध करावे, उसे क्या कहते हैं ?

(A) समास (B) संज्ञा

(C) विभक्ति (D) कारक

83. दो वर्णों के मेल से उत्पन्न होनवाले वर्ण विकार को कहते हैं –

(A) समास (B) संधि

(C) संज्ञा (D) संयोग

84. प्राकृत में कितने वचन होते हैं ?

(A) 02 (B) 03

(C) 04 (D) 05

85. प्राकृत में विसर्ग (:) के स्थान पर क्या होता है ?

(A) आकार (ा) (B) एकार (े)

(C) ओकार (ो) (D) अनुसार ( ं )

86. शौरसेनी और मागधी प्राकृत को छोड़कर सर्वत्र तीनों श्, ष्, स् के स्थान पर क्या पाया जाता है ?

(A) 'श' (B) 'ष'

(C) 'स' (D) 'ह'

87. प्राकृत व्याकरण के अनुसार प्राकृत–भाषा में कितनी विभक्तियाँ होती हैं ?

(A) 04 (B) 06

(C) 08 (D) इनमें से कोई नहीं

88. प्राकृत में 'प्स' के स्थान पर क्या पाया जाता है ?

(A) 'र' (B) 'च्छ'

(C) च्च (D) 'वा'

89. जिस शब्द से किसी कार्य के करने अथवा प्रकट होने का बोध हो, उसे क्या कहते हैं ?

(A) शब्द (B) क्रिया

(C) संज्ञा (D) समास

90. प्राकृत में 'द्य' के स्थान पर क्या पाया जाता है ?

(A) च्च (B) ज्ज

(C) स्स (D) ण्ण

91. प्राकृत व्याकरण के अनुसार अकारान्त शब्दों में चतुर्थी एकवचन में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) च्च (B) ज्ज

(C) स्स (D) ण्ण

92. प्राकृत व्याकरण के अनुसार प्राकृत भाषा में कितने पुरूष होते हैं ?

(A) 02 (B) 03

(C) 04 (D) 05

93. 'देव' शब्द का रूप तृतीया एकवचन में क्या होगा ?

(A) देवो (B) देवा

(C) देवेण (D) देवेहि

94. 'मुणी' शब्द का द्वितीया बहुवचन में रूप क्या होगा ?

(A) मुणिणा
(B) मुणिस्स
(C) मुणी
(D) इनमें से कोई नहीं

95. 'वाउ' शब्द का चतुर्थी बहुवचन में रूप लिखें –

(A) वाऊणं
(B) वाउस्स
(C) वाउत्तो
(D) वाउम्मि

96. 'लदा' शब्द का पंचमी एकवचन में रूप लिखें –

(A) लदाअ
(B) लदाहिं
(C) लदाणं
(D) लदासु

97. 'हस्' धातु का वर्तमान काल, प्रथम पुरूष, एकवचन में रूप क्या होगा ?

(A) हसन्ति
(B) हससि
(C) हसइ
(D) हसित्था

98. 'पढ' धातु का भूतकाल, प्रथम पुरूष, बहुवचन में रूप क्या होगा ?

(A) पढिहीअ
(B) पढिहिन्ति
(C) पढिहिसि
(D) पढामु

99. 'गच्छ' धातु का भविष्यकाल, मध्यम पुरूष, एकवचन में रूप क्या होगा ?

(A) गच्छइ
(B) गच्छहिसि
(C) गच्छिहिसि
(D) गच्छिहित्था

100. 'हो' धातु का आज्ञार्थक एवं विधिलिंग, प्रथम पुरूष, एकवचन में रूप क्या होगा –

(A) होउ
(B) होन्तु
(C) होसु
(D) होह

## <u>खण्ड – ब</u>

## <u>लघु उत्तरीय प्रश्न</u>

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 15X2=30

1. राम के वनवास का कारण लिखें। 2
2. 'सीता' का परिचय दें। 2
3. 'भरत' के चारित्रिक विशेषताओं का संक्षिप्त विवेचन करें। 2
4. राजा जनक का परिचय प्रस्तुत करें। 2
5. विश्वामित्र मुनि के यज्ञ के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवेचन करें। 2
6. जटायु हनुमान संवाद का संक्षिप्त विवेचन करें। 2
7. 'कंचन मृग' के अभिलाषा के सम्बन्ध में लिखें। 2
8. रावण ने सीता का हरण कैसे किया, लिखें। 2
9. भ्रमणकारी सियार ने मृत हाथी को बाघ से कैसे बचाया, लिखें। 2
10. मृत हाथी के पास काग के आने पर सियार ने क्या किया, लिखें। 2
11. प्रवासी के भोजन खाने के बाद सियार ने क्या किया, संक्षेप में लिखें। 2
12. निर्धन बनिया और योगी के बीच हुए संवादों को संक्षेप में लिखें। 2
13. राज्याधिकारी की भूमिका पर प्रकाश डालें। 2
14. अमांगलिक पुरूष के विशिष्ट गुणों को लिखें। 2
15. राजा द्वारा अमांगलिक पुरूष को पारितोषिक क्यों प्रदान किया गया, लिखें। 2
16. ग्रामीण वन में क्या करता था, लिखें। 2
17. शिकारी और ग्रामीण के बीच हुए संवाद को लिखें। 2

18. 'धनश्री' का परिचय प्रस्तुत करें। 2

19. समुद्रदत्त अपना नाम विनीयक क्यों रखा, संक्षेप में लिखें। 2

20. भगवन बाहुबली कौन थे, संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2

21. वर्षाकाल में श्रमण लोग क्या करते हैं, संक्षेप में लिखें। 2

22. अपने पिता से अपनी प्रशंसा के लिए सोमदत्त ने क्या किया, लिखें। 2

23. सोनार की पत्नी ने सोनार की वीरता की परीक्षा कैसे ली, लिखें। 2

24. सम्प्रदान कारक की परिभाषा एवं प्राकृत भाषा में चतुर्थी विभक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करें। 2

25. 'वीर' शब्द का रूप तृतीया, चतुर्थी एवं पंचमी के दोनों वचनों में लिखें। 2

26. 'गच्छ' धातु का रूप भविष्यत्काल के तीनों पुरूषों एवं दोनों वचनों में लिखें। 2

27. 'मैं प्राकृत विषय का पुस्तक पढ़ता हूँ' का प्राकृत अनुवाद करें। 2

28. 'ते गेहं गच्छिहिन्ति' का हिन्दी अनुवाद करें। 2

29. 'तेण कालेण, तेण समएण' का हिन्दी अनुवाद करें। 2

30. 'द्वन्द्व' समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें। 2

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 31 के 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 4X5=20

31. पठित पाठ्य पुस्तक के आधार पर राम–रावण युद्ध का वर्णन अपनी भाषा में करें। 5

32. 'जटायु चरियं' की कथा किस कथा ग्रन्थ पर आधारित है, लिखें तथा इस कथा से मिलनेवाली शिक्षाओं पर प्रकाश डालें।

33. 'पावकमस्स फलं' नामक पाठ से मिलनेवाली शिक्षाओं पर प्रकाश डालें। 5

34. 'दया–धम्मो' नामक पाठ का सारांश अपनी भाषा में लिखें। 5

35. 'अत्थो अणत्थ जुओ' शीर्षक पाठ के आधार पर यह सिद्ध करें कि धन पाप से परिपूर्ण है। 5

36. 'कारक' की परिभाषा एवं कारक के भेदों को प्राकृत भाषा के दो उदाहरण के साथ लिखें। 5

37. 'धम्म' एवं 'अग्गि' शब्द का रूप सभी विभक्तियों एवं दोनों वचनों में लिखें। 5

38. 'पठ' धातु का रूप सभी कालों, तीनों पुरूषों एवं दोनों वचनों में लिखें। 5